Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **जिला कोटपुतली बहरोड की डिस्ट्रीक्ट स्पेशल टीम हाल अटैच पुलिस थाना पनियाला में पदस्थापित आरोपी प्रवीण बागोरिया हाल कानि० नम्बर 800 को 20,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।**

जयपुर दिनांक 27 नवम्बर, गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भिवाडी ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी **प्रवीण बागोरिया हाल कानि० 800 पुलिस थाना पनियाला जिला कोटपूतली–बहरोड** को **20,000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी भिवाडी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि मेरे भाई का पुत्र व पुत्री नागंल चौधरी से घर आ रहे थे। तब उनके आगे चल रही अन्य गाडी को ऑवरटेक करते समय उसके खरौच आ गई। जिसकी उक्त गाडी वाले ने पुलिस थाना पनियाला में शिकायत कर दी। इसके बाद हमारा राजीनामा हो गया। लेकिन पुलिस थाना पनियाला का कानि० प्रवीण कुमार ने हमारा राजीनामा नहीं होने दिया। हमारे से 50,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परिवादी द्वारा राजीनामा होने के लिए कहने पर 20,000/– रूपये रिश्वत के देने के लिए कहना व नहीं देने पर मुकदमा दर्ज करने के लिए कहकर परिवादी को परेशान किया जा रहा है। प्राप्त शिकायत पर दिनांक 26.11.2025 को गोपनीय मांग सत्यापन करवाया जाकर आज ब्यूरों की टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही की गई।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस– तृतीय श्री राजेश सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. ईकाई भिवाडी के **उप अधीक्षक पुलिस श्री परमेश्वर लाल** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रवीण बागोरिया हाल कानि० 800 डिस्ट्रीक्ट स्पेशल टीम जिला कोटपूतली बहरोड हाल अटैच पुलिस थाना पनियाला जिला कोटपूतली–बहरोड को 20,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है। रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के नेतृत्व में आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।